## स्पीड न्यूज

### शहर की साफ-सफाई कराने व पेंडों की टहनियों को काटने की चेंबर ने की मांग



गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स का एक प्रतिनिधिमंडल नगर परिषद के विशेष पदाधिकारी संजय मरांडी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपते हुए गुमला शहर में व्याप्त गंदगी की साफ सफाई एवं पेड़ों की झुकी हुई डाली काटने की मांग की। चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने कहा कि कुछ दिन बाद त्योहारों का सीजन आरंभ हो जाएगा। दो दिन बाद शारदीय नवरात्रा भी आरंभ होगी। जिसको देखते हुए शहर में युद्ध स्तर पर साफ सफाई कराया जाए एवं मुख्य मार्ग में बड़े-बड़े पेड़ों की झुकी हुई टहनियों की छटनी की जाए। क्योंकि विसर्जन के दौरान माता की प्रतिमा को नगर भ्रमण करने का परम्परा है। विशेष पदाधिकारी ने अपनी ओर से सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में राजेश सिंह, बबलू वर्मा, नीरज गुप्ता एवं ब्रीज फोगला शामिल थे।

### कार्तिक उरांव महाविद्यालय में बीएड संकाय के नये सत्र का हुआ शुभारंभ



गुमला। कार्तिक उरांव महाविद्यालय के बीएड संकाय में शैक्षणिक सत्र 2024-26 का विधिवत शुभारंभ मंगलवार को महाविद्यालय परिसर में हुआ। प्राचार्य डॉ शमशुन निहार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर प्राचार्य ने छात्रों को शिक्षण क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि बीएड का यह सत्र आपके लिए केवल शिक्षण प्रशिक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आपको एक जिम्मेदार शिक्षक और समाज के भविष्य निमार्ता बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डॉ प्रसनजीत मुखर्जी ने कहा कि आज का शिक्षण पेशा न केवल बच्चों को ज्ञान प्रदान करने तक सीमित है, बल्कि शिक्षकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे छात्रों के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। बीएड संकायाध्यक्ष डॉ राकेश प्रसाद ने नए छात्रों का स्वागत करते हुए शैक्षणिक सत्र की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन प्रो नीलम प्रतिमा मिंज और धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनोज कुमार साहू ने किया। इस अवसर पर डॉ सिलास, प्रो अन्नूतलान मिंज, प्रो मंती, प्रो राजेश रंजन, प्रो नीपेंद्र सेठ, प्रो सरिता प्रो शिल्पी, संजय बड़ाईक, शांता, कुंती, डॉ दीपक प्रसाद उपस्थित थे।

### एक्सप्रेस वे निर्माण के खिलाफ जुलूस और धरना चार अक्टूबर को

गुमला। अखिल भारतीय क्रांतिकारी आदिवासी महासभा के जिलाध्यक्ष सनिया उरांव ने उपायुक्त व सदर अनुमण्डल पदाधिकारी गुमला को आवेदन देकर भारत माला परियोजना के तहत एक्सप्रेस वे निर्माण के खिलाफ 04 अक्टूबर को रायडीह प्रखंड मुख्यालय में जूलूस निकालने तथा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में सभा करने की बात कही है। उन्होंने कहा है कि एक्सप्रेस वे निर्माण के लिए खेती योग्य भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। जबकि इस आदिवासी बहुल इलाके में खेती और पलायन के अलावा रोजगार के अन्य विकल्प मौजूद नहीं है।

### डीएवी स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने चलाया स्वच्छता अभियान

गुमला। 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भारत सरकार के द्वारा देशभर में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। सीबीएसई के निदेर्शानुसार मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के एनसीसी कैडेट्स एवं इको क्लब के मेंबर्स ने स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि स्वच्छता की सामान्य आदतों को अपनाकर हम अपने परिवेश को सुंदर बना सकते हैं। हमारी संस्कृति के अनुसार ईश्वर वहीं वास करते है जहां स्वच्छता होती है। इस स्वच्छता अभियान का नेतृत्व कर रहे सहायक एनसीसी अधिकारी अभिजीत झा ने बताया कि इस अभियान के दौरान विद्यालय परिसर एवं आस पास साफ सफाई की गई। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण भी किया। इस अभियान में लगभग 50 से ज्यादा कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### सिसई प्रखंड कार्यालय का आधार सुधार केंद्र कई दिनों से हैं बंद, लोग परेशान



सिसई। प्रखंड कार्यालय सिसई का आधार सुधार केन्द्र पिछले कई दिनों से बंद रहने के कारण आम नागरिकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हर दिन लोग नया आधार कार्ड बनवाने तो कई लोग आधार अपडेट कराने के लिए प्रखंड आते हैं और दिनभर कार्यालय में केन्द्र का खुलने का इंतजार करते हैं। लेकिन कार्यालय नहीं खुलने पर वे शाम को निराश होकर वापस घर लौट जाते हैं। आधार कार्ड का काम नहीं होने के कारण लोग काफी परेशान हो गए हैं। कई लोगों का बैंकों का काम एवं सरकारी काम आधार के बगैर रुका हुआ है। वहीं छात्र-छात्राओं का भी जाति-आवासीय और शिक्षा से संबंधित कार्य बाधित हो गया है। आम लोगों की परेशानी को देखते हुए। बीडीओ को तत्काल आधार सुधार केन्द्र को सुचारु रूप से चालू करा देना चाहिए। ताकि आम लोगों एवं छात्रों की परेशानी दूर हो सके और उनके सारे रुके हुए काम समय पर पुरा हो सके।

### दुर्गा पूजा को लेकर 4 अक्टूबर को दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति निकालेगी शोभायात्रा

गुमला। विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी व मातृशक्ति की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में दुर्गा पूजा को लेकर 4 अक्टूबर दिन शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर से दुर्गा वाहिनी के द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में विभाग मंत्री केशव चंद्र साय, सह मंत्री मनोज कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह, मातृ शक्ति प्रमुख शैल सिंह, कोषाध्यक्ष किशोरी प्रसाद, दुर्गा वाहिनी सहसंयोजिका लक्ष्मी कुमारी, प्रखंड संयोजिका केसरी रविता पाठक, मनीषा कुमारी, यशराज सिंह, सहसंयोजक मनीष लायन, घाघरा मातृ शक्ति प्रमुख निधि देवी, पालकोट प्रखंड संयोजक रूपा केसरी, मीडिया प्रभारी रोहित खंडेलवाल उपस्थित थे।

# सड़क और बिजली की मांग को लेकर नीच डुमरी की महिलाओं ने किया डीसी का घेराव

>> उपायुक्त ने कहा कि गांव में बैठ कर समस्याओं पर चर्चा कर समाधान की दिशा में होगा पहल



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** रायडीह प्रखंड के कांसीर पंचायत के नीच डुमरी गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी का घेराव करते हुए कांसीर से नीच डुमरी तक दस किलो मीटर अविलंब सड़क बनाने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि अगर उनकी मांगे पूरी नहीं होती है तो वे वोट का बहिष्कार करेंगे और रायडीह में सड़क निर्माण की मांग को लेकर सड़क जाम कर देंगे। वोट बहिष्कार से कांसीर पंचायत के लगभग चार हजार वोटर वोट नहीं करेंगे। जिसपर उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि वे 5 अक्टूबर को नीच डुमरी गांव आएंगे और बैठकर ग्रामीणों के साथ गांव की समस्या व उसके समाधान की दिशा पर चर्चा करेंगे। उपायुक्त ने यह भी कहा कि उनके साथ सभी विभागों के अधिकारी भी नीच डुमरी गांव जाएंगे और लोगों की समस्या का समाधान करेंगे। उन्होंने घेराव कर रही महिलाओं को समझाया कि दस किलो मीटर सड़क का निर्माण राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद ही किया जा सकता है। इधर घेराव कर रही महिलाओं ने कहा कि उनके गांव में न सड़क है, न बिजली है और न ही शुद्ध पेयजल की व्यवस्था है। बिजली नहीं रहने के कारण उनके बच्चों का पढ़ाई बाधित हो रहा है। महिलाओं ने कहा कि वे लगातार उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर सड़क व अन्य समस्याओं के समाधान की मांग करते आ रहे हैं। 5 अक्टूबर को उपायुक्त गांव नहीं आये तो वे विवश होकर सड़क पर आंदोलन करेंगी। इस अवसर पर कांग्रेस नेत्री जासमीन लुगुन, नीच डुमरी सहिया अंजलीना टोप्पो, सुशीला लकड़ा, रामजीत मुंडा, तेजू राम, जेवियर मिंज, किशुन मुंडा, विवके साय, जमुना मुंडा, जगन्नाथ मुंडा, जुस्टीना टोप्पो शामिल थे।

# डीसी ने 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को किया सम्मानित



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** अंतरराष्ट्रीय वृद्ध व्यक्ति दिवस के अवसर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के द्वारा सदर प्रखंड के रामपुर गांव पहुंचकर 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को शॉल ओढ़ाकर एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले मतदाताओं में सहानुस साहू (102 वर्ष), हरिचरण साहू (87 वर्ष) और लालधर साहू (87 वर्ष) शामिल हैं। उपायुक्त ने तीनों मतदाताओं से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा अब 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। आप आगामी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य रूप करें। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, सीओ आशुतोष कुमार एवं कर्मी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा : एसी

पूजा पण्डालों में तैनात स्वयंसेवक अपनी जिम्मेवारी निभाये : डीएसपी



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** दुर्गा पूजा को लेकर सभी दुर्गा पूजा समितियों के अध्यक्ष, सचिव व स्वयंसेवकों के साथ आवश्यक बैठक का आयोजन नगर भवन में किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा ने कहा कि बीते वर्षों की तरह ही इस वर्ष भी दुर्गा पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से पूरी चौकसी इस दौरान रहेगी और लोगों की असुविधाओं को दूर किया जाएगा। जिला में लगभग प्रत्येक गांव में देवी मां की पूजा सदियों से होती रही है और लोग उसमें सम्मिलित होते रहे हैं। अपर समाहर्ता ने कहा कि पूजा पण्डालों में तैनात स्वयंसेवक अपनी जिम्मेवारी तत्परता से कार्य करें। स्वयंसेवक निःस्वार्थ भावना से कार्य करते रहे हैं। उनकी तत्परता और सेवा की भावना से ही पूजा संपन्न हो पाती है। जिला में नियंत्रण कक्ष स्थापित है जो पूजा के दौरान भी सक्रिय रहेगा। पण्डालों में दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी भी अपनी ड्यूटी निभाएंगे और पूजा समितियों के संपर्क में रहेंगे। असामाजिक तत्वों की पहचान स्वयंसेवक करेंगे। डीएसपी मुख्यालय ने कहा कि पूजा पण्डालों में सभी समितियों श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार की व्यवस्था रखेंगे। महिला और पुरूषों के लिए अलग-अलग पंक्तियां होंगी। भीड़-भाड़ वाले स्थान के लिए सीसीटीवी अतिरिक्त लगवाना सुनिश्चित करेंगे। स्वयंसेवकों की व्यवस्था उचित संख्या में हो। अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार ने कहा कि पूजा के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जो भी स्वयंसेवक होंगे उनकी एक ड्रेस सुनिश्चित करेंगे ताकि उनकी पहचान आसान हो। स्वयंसेवकों के महिला स्वयंसेवक भी हों ताकि महिलाओं की सहायता करने में आसानी हो। पूजा के दौरान युवाओं की कला व शैक्षणिकता अभिरूचि को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएं।

# शांति व सौहार्द्र के साथ मनायें पर्व: डीसी

## हाइकोर्ट के आदेश पर इस वर्ष डी जे बजाने पर प्रतिबंध होगा : गुमला एसपी

>> सुरक्षा को लेकर पूजा पंडालों में सीसीटीवी, मेडिकल वाहन, फायर ब्रिगेड वाहन रखने का निर्देश
>> दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि-व्यवस्था के संधारण हेतु जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने जिले वासियों को दुर्गा पूजा व दशहरा की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए शांतिपूर्ण एवं आपसी सौहार्द्र के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा हमारी परम्परा के अनुसार पूजा-पाठ करना है। उन्होंने कहा पूजा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखना जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता रहेगी। बैठक में शांति समिति सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष शहरी क्षेत्र अन्तर्गत 14 स्थानों में दुगार्पूजा पंडाल लगाएं जाएंगे। उन्होंने त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था सहित विद्युत, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, साफ-सफाई इत्यादि दुरूस्त करने का आग्रह किया। जिस पर उपायुक्त ने समिति के सदस्यों को आश्वस्त किया है कि समस्या न हो इसका ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने त्योहार के दौरान जिले के नागरिकों एवं शांति समिति के सदस्यों से भी सहयोग करने की अपील की। पुलिस अधीक्षक ने भी जानकारी दी कि हाई कोर्ट द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस वर्ष डीजे बजाने पर निषेध रहेगा। इस दौरान उन्होंने पार्किंग व्यवस्था के लिए पंडाल सदस्यों से भी सहयोग की अपेक्षा की। जिला वासियों से सोशल मीडिया पर किसी प्रकार का आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान सभी पूजा पंडालों सहित सार्वजनिक स्थानों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु उचित मात्रा में पुलिस बल की तैनाती किए जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, एसडीओ सदर, डीसी एलआर, डीएसपी गुमला हेड क्वार्टर, विद्युत अभियंता, कार्यपालक पदाधिकारी, एसडीपीओ, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, अन्य विभागीय पदाधिकारी, कर्मी एवं शांति समिति के सदस्यगण मौजूद थे।

# कसपोड़या गांव के ग्रामीणों ने कहा, रोड नहीं तो वोट नहीं



**खबर मंत्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के कासपोड़या गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने मंगलवार को बैठक कर रोड नहीं तो वोट नहीं का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने कहा है कि पिछले कई बार से प्रखंड प्रशासन, जिला प्रशासन व प्रतिनिधियों से सड़क बनाने का मांग किया गया पर किसी ने इस पर पहल नहीं की। जिस कारण सभी गांव के लोग बैठक कर वोट बहिष्कार का निर्णय लिये। ग्रामीणों ने कहा है कि रास्ते पर नुकीले पत्थर निकल आए हैं गांव में गाड़ी लेकर आने में हर एक-दो दिन में टायर पंचर हो जाता है। बीमार व्यक्ति को अस्पताल पहुंचने में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां बता दे की नारायण साहू कंट्रक्शन कंपनी के द्वारा 2019 में सड़क का निर्माण कराया गया था। सड़क बनने के कुछ महीना बाद से ही सड़क टूटने लगा था। अब स्थिति ऐसा हो गया है कि पूरे सड़क पर नुकीले पत्थर निकल आये हैं।

# रा उ मध्य विद्यालय कटुवा की भवनें हुई जर्जर



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुटवा गुमला टू में जर्जर विद्यालय भवन की मरम्मत की मांग को लेकर मंगलवार को कुटवा गांव के ग्रामीण व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। गुमला जिला मुख्यालय से 25 किलो मीटर दूर कुटवा विद्यालय स्थापित है। जहां कक्षा यूकेजी से आठवीं तक की पढ़ाई होती है। विद्यालय में 230 बच्चे फिलहाल अध्यन रत हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय में कुल आठ कमरे हैं। जिसमें से चार कमरा ही आंशिक रूप से ठीक है जबकि चार कमरे इतना जर्जर है कि वे कभी भी ध्वस्त हो सकते हैं। जर्जर कमरों के कारण बच्चों का पठन-पाठन का कार्य बाधित रहता है। कमरों के अभाव में फिलहाल बच्चों को विद्यालय परिसर में पेड़ के नीचे बैठाकर पढ़ाना पढ़ता है। उनके द्वारा 28 सितंबर 2021 को भी विद्यालय भवन के जर्जर स्थिति को ठीक कराने हेतु उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गयी। ग्रामीणों ने उपायुक्त से अविलंब विद्यालय में सुचारू कक्षाएं संचालित करने के लिए छः कमरों की मांग की। इस अवसर पर सीतामुनी देवी, पूनम देवी, सरस्वती, मंजू, सुशीला, सरिता देवी, अगनी देवी, कैली देवी, राधिका देवी, सुनीता मिंज, शोभा, लीला देवी, अनिता, गीता, विमला, फलमनी आदि उपस्थित थे।

### केक काटकर अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मना



लोहरदगा। होप द्वारा संचालित स्वपोषित वृद्ध आश्रम मनहो में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्धो के साथ पूरी होप टीम मिल कर वृद्धों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना किया। मनोरमा एक्का ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया कि हमारे आसपास जो बुजुर्ग विशेष देखभाल की आवश्यकता है उनके प्रति संवेदनशील हो तथा जितना संभव हो सके उनका सहयोग करें। आप सभी बुजुर्ग का जीवन महत्वपूर्ण है। इस मौके पर सभी मिलकर केक काटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। होप की मैनेजिंग ट्रस्टी मनोरमा एक्का ने कहा कि यह दिन पूरे विश्व में मनाया जाता है। यह आश्रम उनके लिए घर है। अतः समाज के सभी प्रबुद्ध जनों से अनुरोध है कि अपने आसपास रह रहे जरूरतमंद लोगों को बेहतर जीवन जीने हेतु सहयोग करें। इस अवसर पर होप से अरविंद वर्मा, उज्जवल कुशवाहा, सुशीला उरांव, तिमुथियुस कुजूर, सुमन वर्मा, ऊषा उरांव, पूनम महतो, सोनम दुलारी उरांव, आरती रजक इत्यादि एवं आश्रम में रह रहे वृद्ध जन उपस्थित थे।

### एड्स जागरूकता रैली निकाली गयी



लोहरदगा। जिले के सदर अस्पताल परिसर से एड्स जागरूकता रैली निकाली गई जो पूरे शहर का भ्रमण कर लोगों को एड्स बीमारी से बचाव के लिए जागरूक किया। एड्स और यौन संचारी रोगों से बचाव के लिए आयोजित जागरूकता रैली में बीमारी से बचाव के तरीके लोगो को बताए गए। इस रैली में तंबाकू का सेवन जीवन के लिए किस प्रकार घातक है इसकी भी जानकारी दी गई ताकि लोग तंबाकू छोड़कर स्वस्थ जीवन का निर्माण कर सके। एड्स बीमारी और कैंसर से बचाव के उद्देश्य से यह जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमे बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया और लोगो को इसके बचाव के तरीके बताए। मौके पर अर्चना प्रसाद सहित अस्पताल की एएनएम मौजूद थे।

### भूमि मापी के बाद मेले की तैयारी जोरो पर



लोहरदगा। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के द्वारा मेले में भूमि मापन के बाद मेले की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। केंद्रीय पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष लकड़ा की अगुवाई में पूजा समिति के सभी सदस्यों ने मेला स्थल जाकर जेसीबी की सहायता से भूमि समतलीकरण और मेला स्थल तक पहुंचने वाले सड़क और मेला स्थल की भूमि का समतलीकरण कार्य आरंभ कराया। जिससे की मेले में आने वाले और मेले में दुकान लगाने वाले लोगों को कठिनाई का सामना ना करना पड़े। अध्यक्ष संतोष लकड़ा ने कहा की केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अपने दायित्व को पूरी तन्मयता के साथ पूरी करेंगी ताकि माता रानी के श्रद्धांलुओं और रावण दहन के कार्यक्रम अच्छे ढंग से आयोजित हो। मेला स्थल पर साफ सफाई का कार्य भी शुरू करा दिया गया है। इस बार मेला और भव्य और विशाल रूप से आयोजित होगा।

# एमबी डीएवी में प्रतियोगिता का आयोजन



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में जूनियर डीएवी के प्रभारी शिक्षक अश्विन कुमार पात्रो द्वारा वर्ल्ड वेजिटेबल डे पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर बताया गया की कई विटामिन व प्रोटीन से युक्त सब्जियां जीवो के लिए प्रकृति का दिया गया अनमोल वरदान है। वर्ल्ड वेजिटेबल डे पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी में प्रांची विश्वकर्मा, स्वाति सोना, सांविका सौरभ, कनक, पवनवीर, श्रेयांश मित्तल, भार्गवी भारद्वाज, तान्या व आर्यन भगत ने कक्षा एलकेजी में रेयांश उराव, अद्वैत आलोक, अयांश राज व पृषभ राज कक्षा यूकेजी में चिरंजीव मिंज, विवान राज, कनायका गुप्ता, आहान उरांव, अलीशा, अंश रंजन, अयांश, तान्या, अवनी रविदास, सूर्यांश, अंजना, अयांश कक्षा प्रथम में अमीराह फलक, अंश यूनिक, अभिनव श्रेयांश, श्येद, वसीम, काव्य मुखिया, वैभव राज, आराध्या, काव्य, पाही पूर्वी, नमीरा, प्रतिष्ठा गोराई, खुशी, अपूर्व राज, श्रेया श्रुति, सान्वी श्रेजल, श्येद अल्हाज, काव्य, दर्शिल ने प्रथम स्थान अर्जित किया।

# आजसू की चुनावी बैठक तीन को

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला आजसू पार्टी की चुनावी रणनीति को लेकर एक अहम बैठक 3 अक्टूबर को, 11 बजे आजसू प्रधान कार्यालय में आयोजित की गई है। इसमें आजसू पार्टी की चूल्हा प्रमुख सम्मेलन आयोजित करने को लेकर सभी प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड प्रभारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए आजसू मीडिया प्रभारी सागर वर्मा ने बताया की बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने साथ ग्राम प्रभारी एवं चूल्हा प्रमुखों की लेकर आएंगे। इस बैठक में जिला में निवास करने वाले सभी केंद्रीय पदाधिकारी, जिला के सभी पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी प्रखंड के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश भारती ने सभी पदाधिकारियों, सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं प्रभारीयों से आग्रह किया है कि चूल्हा प्रमुख सम्मेलन को लेकर जिनको जो जिम्मेवारी दी गई है। वह उसकी पूरी सूची लेकर ही आएंगे तथा चूल्हा प्रमुख को भी साथ लेकर आना सुनिश्चित करेंगे। चूल्हा प्रमुख ग्राम प्रभारी पंचायत प्रभारी से होते हुए जिला तक संगठन को एक सूत्र में बांधते हुए लोहरदगा विधानसभा जीतने की रणनीति बनेगी।

# कालकुंदा को हरा डीजे कमल टोटो की टीम बनी चैंपियन

## 8वां कार्तिक उरांव फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के भंडरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मसमानो गांव में एसटी बरवाटोली मसमानो के बैनर तले पतरा मैदान में आयोजित 8वां कार्तिक उरांव चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सेन्हा थाना के पूर्व थाना प्रभारी सह समाजसेवी जगरनाथ उरांव, विशिष्ट अतिथि के रूप में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह, मसमानो पंचायत मुखिया ममता कुमारी, पंचायत समिति सदस्य मालती कच्छप, झालजामिरा पंचायत के मुखिया बंधन उरांव, गुमला नवाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया लोलस उरांव, से प्रखंड के एसीएस अध्यक्ष बालेश्वर उरांव, समाजसेवी महेंद्र उरांव शामिल हुए। टूर्नामेंट का फाइनल मैच डीजे कमल टोटो व कालकुंदा के बीच खेला गया। जिसमें डीजे कमल टोटो ने जीत हासिल कर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। वहीं तीसरे स्थान पर भौरों एवं चौथे स्थान पर इंदू सरदार टीम बुड़का टाइन टोली की टीम रही। प्रथम पुरस्कार के रुप में 20 हजार रुपया कैश, एक खस्सी एवं शील्ड, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 14 हजार रुपया कैश, एक खस्सी एवं शील्ड देकर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। 40 आयु वर्ग की टीम में सरना ब्रदर्स लोहरदगा की टीम ने भैसमुंदो भंडरा की टीम को हराकर विजेता बना। वहीं बालिका वर्ग में पतराटोली लोहरदगा की टीम ने पतलो की टीम को हराकर विजेता बनी। मौके पर जगरनाथ उरांव ने कहा कि खेल से शारीरिक व मानसिक का विकास तो होता ही है, इसके अलावा नेतृत्व और संगठित होने का संकेत भी मिलता है। आज के समय में फुटबॉल टूर्नामेंट एक त्यौहार का रूप ले लिया है। मौके पर जगन्नाथ उरांव ने कार्तिक उरांव के नाम से आयोजित होने वाले टूर्नामेंट को देखते हुए बाबा कार्तिक उरांव के सम्मान में मसमानो गांव में प्रतिमा स्थापित करने का घोषणा किए। जिसके लिए सभी जन ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त भी किया। टूर्नामेंट के सफल संचालन में रेफरी कृपाल उरांव, जेरकु उरांव, सुशील उरांव, खदिया उरांव, सुनील उरांव, शंकर भगत, सुरेश उरांव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर समाजसेवी लाल त्रिभुवन नाथ शाहदेव, बल्केश्वर साहू, कलेश्वर साहू, लाल सच्चिदानंद नाथ शाहदेव, लाल मनोज, शिक्षक बुधराम उरांव, राधेश्याम राम, बुधराम उरांव, राम उरांव, सुका उरांव, शमीम अंसारी, मुकेश साहू, विजय साहू, पूर्व अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल रेफरी सोमा उरांव, संचरिया उरांव, शंकर साहू, आयोजन समिति के अध्यक्ष छोटू उरांव, विनोद उरांव, कालेश्वर उरांव, बबलू उरांव, नीरज उरांव, विष्णु टाना भगत, अनूप राम सहित खेल प्रेमी उपस्थित थे।

### जयसवाल इंटरप्राइजेज बालू डंपिंग यार्ड के मालिक को नोटिस

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के गम्हरिया में जयसवाल इंटरप्राइजेज बालू डंपिंग यार्ड में बगल के कोयल नदी से बालू चोरी कर डंपिंग यार्ड में जमा करने की ग्रामीणों के शिकायत के बाद सीओ आशीष कुमार मंडल ने जायसवाल इंटरप्राइजेज के मालिक अनिल जायसवाल को नोटिस जारी की। जिसमें अंचल कार्यालय में उपस्थित होकर बालू भंडारण कहां से लाकर और कब-कब लाया गया इससे संबंधित दस्तावेज जमा करने का निर्देश कंपनी को दिया गया है। इस संबंध में सीओ ने बताया कि लगातार ग्रामीणों से शिकायत मिल रही थी कि अनिल जायसवाल के द्वारा अगल-बगल के नदियों से बालू की चोरी कर डंपिंग यार्ड में जमा किया जाता है। जिसके बाद अवैध तरीके से बेच दिया जाता है।

# साइकिल रेस प्रतियोगिता के बालक में सोमा उरांव व बालिका में नीमा कुमारी रही प्रथम

विकास भारती विशुनपुर के द्वारा कार्तिक उरांव की स्मृति में 51 किलो मीटर साइकिल रेस का आयोजन



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** विकास भारती बिशनपुर के द्वारा डीआर कार्तिक उरांव स्मृति साइकिल रेस का आयोजन लोहरदगा से चिंगारी 51 किलोमीटर मंगलवार को किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सच्चिदानन्द अग्रवाल ने कहा कि विकास भारती विगत कई दशकों से यह प्रतियोगिता करा रही है। जिसके द्वारा क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ी है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवीण सिंह प्रभारी बीजेपी बिशुनपुर विधानसभा, कृपा प्रसाद उपाध्यक्ष अखिल भारतीय वनवासी कल्याण केंद्र शामिल हुए। कार्यक्रम का समापन चिंगरी में किया गया। जिसमें विकास भारती बिशनपुर के सचिव अशोक भगत उपस्थित थे। 350 युवा एवं 30 युवतियां साइकिल रेस में शामिल हुई। इस प्रतियोगिता के बालक वर्ग में सोमा उरांव प्रथम, तेतरू गोप द्वितीय, चन्द्र उरांव तृतीय, सत्या शंकर उरांव चतुर्थ, राजेश गोप पांचवा, कार्तिक उरांव छठवां, राम उरांव सावतां, बिनय उरांव आठवां, विमलेश उरांव नौवा व रामबृक्ष महतो दसवें स्थान पर रहा। वहीं बालिका वर्ग में नीमा कुमारी प्रथम, आरती कुमारी द्वितीय, नेहा टोप्पो तृतीय, संझो उरांव चतुर्थ, नेहा कुमारी पांचवा, अंजू कुमारी छाठवां, अनिमा उरांव सातवां, संतोषी आठवां, उर्मिला नौवा व सोनी उरांव दसवें स्थान पर रही।

# निर्बाध बिजली आपूर्ति को लेकर झामुमो नेता ने सिएम को सौंपा ज्ञापन

**मुख्यमंत्री ने ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के नेता मनोज कुमार चंद्रा ने टंडवा औद्योगिक क्षेत्र सहित सिमरिया विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों में बिजली संकट के समाधान हेतु मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने क्षेत्र में हो रही बिजली कटौती और जनता को हो रही समस्याओं का उल्लेख करते हुए एनटीपीसी को अपनी जिम्मेदारी निभाने की कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी की लापरवाही से क्षेत्र की जनता को बिजली की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है, जिससे छात्रों की पढ़ाई, छोटे व्यवसाय, और घरेलू कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। चंद्रा ने ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया कि एनटीपीसी को अपने सीएसआर



फंड का उपयोग करके बड़कागांव 220/132/33 केवी ग्रिड से टंडवा 33/11 केवी पावर सब स्टेशन तक एक समर्पित 33 केवी लाइन का निर्माण करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, लेकिन मनोज कुमार चंद्रा ने विशेष रूप से एनटीपीसी को चेतावनी दी है कि अगर एनटीपीसी ने इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया और एक महीने के भीतर समर्पित 33 केवी लाइन के निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया, तो झामुमो के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा। चंद्रा ने कहा कि एनटीपीसी को यह समझना होगा कि क्षेत्र की जनता को बिजली जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित रखना अस्वीकार्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि अगर एनटीपीसी अपने सीएसआर फंड का सही और जिम्मेदाराना उपयोग करती, तो यह समस्या कब की हल हो चुकी होती। मनोज कुमार चंद्रा ने साफ शब्दों में कहा कि अगर एनटीपीसी ने एक महीने के भीतर काम शुरू नहीं किया, तो क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर एक व्यापक आंदोलन की शुरूआत की जाएगी।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर उपायुक्त पहुंची वृद्धाश्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर मंगलवार को उपायुक्त मेघा भारद्वाज झुमरीतिलैया स्थित वृद्धाश्रम पहुंची और वृद्ध सम्मान कार्यक्रम में शामिल होकर बुजुर्गों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी लिया। इस दौरान उपायुक्त ने बुजुर्गों के साथ केक काटा और उन्हें शॉल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बुजुर्गों से वृद्धाश्रम में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लेते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि वृद्धाश्रम में रह रहे सभी बुजुर्गों को सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ दें, एक भी वृद्ध पेंशन समेत अन्य जरूरी योजनाओं से वंचित नही रहे, साथ ही वृद्धाश्रम में सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने आदि का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त के अलावे जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीतीश कुमार निशांत, एलपीओ दिनेश पाल, संजय लाल, अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### प्रखंड प्रमुख ने जताई बीडीओ के रवैये पर नाराजगी



**गिद्धौर।** मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर गेट के पास धूम्रपान मुक्त अभियान के तहत शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने अपने कर्मचारियों को शपथ दिलाई, जबकि प्रखंड परिसर में मौजूद प्रखंड प्रमुख अनीता यादव को इस कार्यक्रम की कोई जानकारी नहीं दी गई थी। जब तक प्रखंड प्रमुख शपथ कार्यक्रम में भाग लेने पहुँचीं, तब तक बीडीओ ने कार्यक्रम समाप्त कर दिया था। इस बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस हुई और प्रखंड प्रमुख ने बीडीओ के मनमाने रवैये पर नाराजगी जताई। उन्होंने बीडीओ को कई अन्य कार्यक्रमों में भी जानकारी नहीं दिए जाने की शिकायत की और उन्हें सुधरने की चेतावनी दी। प्रखंड प्रमुख ने कहा कि अगर बीडीओ में सुधार नहीं होता है, तो वह उनके खिलाफ उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत करेंगी।

### तंबाकू मुक्त शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



**गिद्धौर।** मंगलवार को प्रखंड परिसर गेट के पास तंबाकू मुक्त को लेकर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने शपथ पत्र पढ़कर उपस्थित लोगों को तंबाकू उत्पादों के सेवन से दूर रहने और दूसरों को भी इससे दूर रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और इससे कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने परिजनों, मित्रों और पहचान के लोगों को भी तंबाकू से बचने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर प्रखंड के पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा, उज्जवल कुमार सिंह, माल्टो महतो, कर्मचारी प्रमोद कुमार सिंह, अभिनंदन कुमार, सुनील कुमार गुप्ता और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### जनता दरबार का आयोजन, उपायुक्त ने सुनी समस्याएं



**कोडरमा।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये ग्रामीणों ने बारी-बारी से अपनी समस्याओं को रखा और उपायुक्त को आवेदन देकर उचित कार्रवाई का गुहार लगाया, जिस पर उपायुक्त ने ग्रामीणों को उचित कार्रवाई का भरोसा देते हुए उनके आवेदनों को सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को प्रेषित कर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में अबुआ आवास योजना का लाभ देने, मुख्यमंत्री गम्भीर बीमारी योजना का लाभ दिलवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान कार्ड आदि से सम्बंधित मामले आये।

# सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनायें : डीसी

## विधि व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : अनुदीप सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण और भाईचारे के साथ संपन्न करवाने को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था चाक चौबंद रखने, यातायात व्यवस्था को सुद्दढ रखने, साफ सफाई, निर्बाध रूप से पेयजल और विद्युत की आपूर्ति करने समेत विभिन्न विन्दुओं पर विभागीय पदाकािरियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक को सम्बोाित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि कोडरमा जिले में शुरू से ही दुर्गा पूजा का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की परंपरा



चली आ रही है और इसका सारा श्रेय जिलेवासियों को जाता है, उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद ही नही बल्कि पूर्ण विश्वास है कि यहां की जनता अपनी परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी त्यौहार को शांतिपूर्ण सम्पन्न करवाने में जिला प्रशासन को भरपूर सहयोग प्रदान करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि त्यौहार के दौरान कोई भी ऐसा कार्य नही करें, जिससे विधि व्यवस्था भंग होने की संभावना हो। सभी पूजा समिति अपने निर्धारित रूट से ही प्रतिमा विसर्जन करें, पंडालों के बाहर पॉर्किंग सुविधा रखें, पूजा पंडालों में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध रखें, जगह जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए।

वहीं एसपी अनुदीप सिंह ने पूजा समितियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पूजा पंडालों में महिलाओं और युवतियों के सुरक्षा का ख्याल रखें, महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग अलग प्रवेश और निकास द्वार रखें। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति के एक सदस्य और पुलिस जवान द्वारा लगातार वीडियो की मॉनिटरिंग की जाय, समिति के पदाकािरी पूजा के दौरान जगह जगह पर वॉलेंटियर प्रतिनियुक्त करें।

उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर सभी पूजा पंडालों में पुलिस की पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रहेगी, गड़बड़ी करने अथवा शांतिभंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर डीसी एसपी के अलावे एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, विभिन्न पूजा समितियों के पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

# उप विकास आयुक्त ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उप विकास आयुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से अबुआ आवास, भूमि विवाद, राशन, स्वास्थ्य विभाग, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन से संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। एक एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया। उक्त मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चतरा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

# गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर तम्बाकू निषेध शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** गांधी जयंती की पूर्व संया पर राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार की अगुवाई में तम्बाकू निषेध को लेकर सामूहिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम को सम्बोाित करते हुए उन्होंने कहा कि तम्बाकू या इससे बने अन्य उत्पाद सेहत के लिए काफी हानिकारक होता है, इसके सेवन से कैंसर जैसे घातक रोग हो सकते हैं। युवाओं को खास कर इससे दूर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के समर्पण और त्याग से युवाओं को सिख लेना चाहिए। जिला कुष्ठ



निवारण पदाकािरी डॉ रमण कुमार ने कहा कि तम्बाकू का इस्तेमाल जानलेवा होता है, इसके सेवन से शरीर के अंदर रोगप्रतिरोाक क्षमता घटने लगती है, शरीर मे कई प्रकार के रोग होने लगते हैं, जिला मलेरिया पदाकािरी ड मनोज कुमार ने तम्बाकू या इससे बने अन्य उत्पादों के सेवन से होने वाले विभिन्न रोगों की जानकारी देते हुए कहा कि गांधी जयंती के मौके पर हमसबों को तम्बाकू मुक्त समाज बनाने का शपथ लेने की जरूरत है। मौके पर डीपीएम महेश कुमार, विनीत अग्निहोत्री, डीडीएम पवन कुमार, गणेश कु दास, दिपेश कुमार, हिमांशु कुमार, सिद्धांत ओहदार, इंदिरा कुमारी, अविनाश आनन्द, ललन कु राणा, शंभु कुमार आदि मौजूद थे।

# विशनपुर में डांडिया उत्सव में झूमी महिलाएं



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** नवरात्र के आगमन को लेकर जिले में भक्तिमय माहौल होने लगा है। जगह-जगह मां दुर्गा पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इधर, विभिन्न स्थानों पर डांडिया व गरबा उत्सव भी शुरू हो गया है। झुमरीतिलैया के विसनपुर में स्थानीय महिला कमेटी द्वारा मंगलवार को डांडिया उत्सव का आयोजन किया गया। नवरात्र के आगमन को लेकर यह उत्सव मनाया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर डांडिया नृत्य किया। इसके पूर्व महिलाओं ने मां दुर्गा की अराधना की। वहीं डांडिया गीत छोगाड़ा तारा, ढोलिना, नगाड़ा संग ढोल आदि गीतों पर जमकर नृत्य किया। महिलाओं ने कहा कि डांडिया उत्सव पौराणिक परंपरा है। हर वर्ष वे लोग नवरात्र आगमन के पूर्व इस तरह का आयोजन कर खुशी मनाती है। डांडिया नृत्य से जीवन में सकारात्मक उर्जा आती और नाकारात्मकता समाप्त होती है। डांडिया लड़ने से जो आवाज उत्पन्न होती है उससे पॉजिटिव एनर्जी आती है। इस एनर्जी के साथ वे लोग 9 दिनों तक देवी मां का अनुष्ठान पूरी भक्ति भाव से कर सकेंगी। वे लोग पूरे वर्ष भर नवरत्र का इंतजार करती है। मौके पर सिमा सिंह, नीतु मोदी, रिंकी रजक, शालनी पांडे, मु सिंह, बंदना सिंह, ज्योति, सुनिता सिंह, प्रियंका, नीतु सिंह, विनिता सिंह, बेबी देवी, मंजु, रानी, पुतुल समेत दर्जनों महिलाएं शामिल थीं।

# फाइनेंस कंपनी ने लोन के नाम पर 500 महिलाओं को लगाया चूना, एजेंट फरार



**चतरा।** जिले में महिलाओं से ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें 500 से अधिक महिलाओं को डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की चपत लगी है। ठगी की शिकार महिलाओं ने न्याय की गुहार लगाते हुए सदर थाना में आवेदन दिया है। महिलाओं ने बताया कि शहर के किशनपुर मोहल्ला स्थित न्यू पेट्रोल पंप के पास स्वास्तिक माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी ने उन्हें 68 हजार रुपये का लोन देने का झांसा दिया और प्रत्येक महिला से खाता खुलवाने के लिए 3050 रुपये जमा कराए। लोन के लिए 3050 रुपये देकर कंपनी में खाता खुलवाने वाली महिलाओं को 20 सितंबर के बाद लोन देने का वादा किया गया था। जब महिलाएं लोन के लिए कार्यालय जाती थीं तो कंपनी के कर्मचारी उन्हें इस महीने के अंत तक सभी के खाते में पैसे आने का भरोसा दिलाते हुए वापस भेज देते थे। शनिवार को जब महिलाएं किशनपुर स्थित कंपनी के कार्यालय पहुंचीं तो कार्यालय बंद पाया गया और कर्मचारियों के फोन नंबर भी बंद मिले। महिलाओं ने बताया है कि स्वास्तिक माइक्रोफाइनेंस कंपनी के संजय सिंह, चंदन कुमार, मुकेश कुमार, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार और शिवम कुमार ने उनसे पैसे लिए हैं। महिलाओं के आवेदन के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कोडरमा प्रखंड स्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न

**त्रिस्तरीय पंचायत के जनप्रतिनिधियों को नही मिल रहा अधिकार, जनप्रतिनिधियों में रोष**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

कोडरमा। झारखण्ड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जीतकर आने वाले जनप्रतिनिधियों को उचित मान सम्मान और अधिकार नही मिल पा रहा है, ग्राम-पंचायत में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर जनप्रतिनिधियों के हितों की रक्षा नही हो पा रही है, योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर त्रिस्तरीय पंचायत के जनप्रतिनिधियों के समक्ष उत्पन्न समस्याओं को निबटाने में अधिकारी, पदाधिकारी कोई



दिलचस्पी नही लेते। त्रिस्तरीय पंचायत के जनप्रतिनिधि जनता से सीधे तौर पर जुड़े होते है, लेकिन जनता के हित में योजनाओं को लेकर प्रशासन उदासीन रहते है, जिसका खामियाजा त्रिस्तरीय पंचायत के जनप्रतिनिधियों को भुगतना पड़ता है। उक्त बातें जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव ने कोडरमा प्रखंड सभागार में मंगलवार को त्रिस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों की प्रखंड स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत के जनप्रतिनिधियों को एक मंच पर आना होगा, अधिकारों की रक्षा के लिए एकता बनानी होगी, तभी जनप्रतिनिधियों की मांगें सरकार गंभीरता से लेगी। वहीं जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, जिप सदस्य महादेव राम, जिप प्रतिनिधि देवनारायण यादव, मुखिया संघ जिलाध्यक्ष श्यामदेव यादव, प्रखंड प्रमुख सुषमा देवी, प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष कन्हाई यादव, मुखिया सदानंद यादव, रमेश यादव, लक्ष्मण प्रसाद मंडल, पंसस आदि सदस्यों ने संबोधित करते हुए कहा कि विकास योजनाओं को लेकर त्रिस्तरीय पंचायत के जिला परिषद् से लेकर वार्ड सदस्य तक परेशान है। उन्हें अधिकार के मामले में कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों का एकता नही होने के कारण प्रशासन और पदाधिकारी फायदा उठा लेते हैं। त्रिस्तरीय पंचायत जनप्रतिनिधियों को एक मंच पर आकर संघ को मजबूत बनाने का आह्वान किया। मौके पर श्यामसुंदर दास, बासुदेव यादव, महेंद्र यादव, अनिता देवी, मोनी देवी, अशोक यादव, दिनेश यादव, अरुण साव, सुभाष यादव, महादेव दास, राजू सिंह, गणेश दास, धनेश्वर यादव, साबिर मियां, शंभु सिंह, पिंटू यादव, अशोक पासवान, सुभाष तुरी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### उपायुक्त ने भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**कोडरमा।** उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग झारखंड सरकार द्वारा जिले के कुल 9 उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 1 अक्तूबर 2024 से लेकर 31 अक्टूबर 2024 तक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इसके लिए चलंत वाहन का प्रयोग किया गया है, जिसमें साइंस से संबंधित बहुत सी जानकारी चित्र के मायम से प्रदर्शित की गई है एवं उक्त वाहन में मास्टर ट्रेनर के द्वारा सभी बच्चों को समझाया भी जाएगा। उक्त भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी वाहन को मंगलवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जिले के सभी प्रखंडों के सभी 9 विद्यालयों सहित पास के विद्यालयों के बच्चों को विज्ञान की जानकारी दी जाएगी। मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग नीतीश कुमार निशांत व शिक्षा विभाग के कर्मी मौजूद थे।

### ध्वजाधारी आश्रम परिसर में ऊर्जा मित्रों की बैठक सम्पन्न



**कोडरमा।** ध्वजाधारी आश्रम परिसर में मंगलवार को ऊर्जा मित्रों की एक बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता अरुण गिरी के द्वारा किया गया। वहीं जिला कमेटी की गठन की गई, जहां सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष अरुण गिरी, जिला सचिव छोटू यादव, जिला कोषाध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव को चुना गया। वहीं सबडिविजन स्तरीय कमेटी में झुमरीतिलैया से अनिल यादव, कोडरमा से कृष्णा कुमार सिंह और राजेंद्र कुमार गुप्ता, सतगावां से सैलेंद्र कुमार, डोमचांच से दिलीप कुमार और दामोदर शर्मा का चयन किया गया। वहीं जिला अध्यक्ष अरुण गिरी ने बताया कि दो सूत्री मांग हम सभी ऊर्जा मित्रों ने सरकार से की है। जिसमें पहली मांग स्थायीकरण और दूसरी मांग प्रीपेड मीटर आने से पहले हमलोगों को विद्युत विभाग में किसी भी पद पर समायोजन करें। बैठक में अरुण कुमार यादव, मो जावेद, मो साहिल, मो फहीम, अभय कुमार, आकाश कुमार, विक्रम तरुण गिरी, अनिल यादव, बीरेंद्र यादव, कुंदन कुमार, दामोदर शर्मा, सुजीत कुमार, चंदन कुमार, एलएन मौर्य, कृष्ण कुमार, राजेंद्र गुप्ता, दिलीप कुमार यादव, कृष्णा कुमार सिंह, अंशु कुमार, सनोज कुमार, सूरज कुमार पासवान, हरिश्चंद्र राम, विक्की कुमार समेत अन्य ऊर्जा मित्र मौजूद थे।

### चौकीदार भर्ती परीक्षा में अंक बढ़ाने के लिए आ रहें फ्रॉड कॉल की सूचना पर जिला प्रशासन सतर्क

**चतरा।** जिले मे चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा 28 सितंबर 2024 को कुल सात केंद्रों पर विभागीय नियमो का अक्षरशः अनुपालन कराते हुए जिला प्रशासन चतरा द्वारा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में कराया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से मामला प्रकाश में आया है कि बिचौलियों व साइबर अपराधियों द्वारा लिखित परीक्षा के पेपर में नंबर बढ़ाने के एवज में पैसे की मांग परीक्षार्थियों से की जा रही है। जिले के सभी परीक्षार्थियों से जिला प्रशासन के तरफ से अपील है कि इस तरह के ठगी के झांसे में ना परे नहीं तो आप ठगी के शिकार हो सकते हैं। अगर परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार की पैसे की मांग की जाती है तो अविलंब इसकी जानकारी अपने क्षेत्र के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को या फिर अपर समाहर्ता चतरा को दे सकते हैं। टोल फ्री नंबर 1930 पर भी शिकयत कर सकते हैं। जिससे इस तरह के कार्य के लिए उनके ऊपर कार्रवाई की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा पारदर्शी तरीके से परीक्षार्थियों का लिखित परीक्षा का कॉपी जांच किया जा रहा है।

### सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) ने हड़ताल का नोटिस दिया



**कोडरमा।** आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं की विभिन्न मुद्दों जिसमें आंगनबाड़ी सेविका सहायिका सेवाशर्त नियमावली में संशोधन, हर साल मानदेय बढ़ाने की प्रक्रिया सरल करने, पारा शिक्षकों की तरह वेतनमान व अन्य सुविधाएं, रिटायर्मेंट के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 5 लाख एकमुश्त राशि देने एवं अंतिम मानदेय का 50 प्रतिशत पेंशन देने, वरियता के आधार पर सेविका को सुपरवाइजर के पद पर प्रमोशन देने, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ग्रेच्युटी का भुगतान करने, पोषाहार राशि बाजार के रेट पर देने, अंडा में जीएसटी बिल की बाध्यता समाप्त करने आदि छह सूत्री मांगों को लेकर झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर 5 अक्टूबर से आंगनबाड़ी केंद्रों में होने वाली अनिश्चितकालीन हड़ताल का नोटिस मंगलवार को उपायुक्त, डीडीसी, एसडीओ, डीडब्लूओ, डीएसडब्लूओ, सीडीपीओ के कार्यालयों में दिया गया। इसका नेतृत्व झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी, जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद, जिला सचिव वर्षा रानी, संयुक्त सचिव संतोषी कुमारी, मंजू मेहता, शकुन्तला मेहता, बेबी कुमारी, विमला देवी, नीलम यादव, उर्मिला देवी, चिंतामणी देवी, ज्योत्सना आदि मौजूद थे।

### बचपन प्ले स्कूल में धूमधाम से मना गई गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती

**कोडरमा।** गुमो बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्या नीरजा ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। इसके पश्चात स्कूल बच्ची शामिया प्रवीण तथा अनाया देव ने अंग्रेजी भाषा तथा आराध्या आर्या ने हिंदी भाषा के माध्यम से दोनों महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं अर्पित गुप्ता व अभय बर्णवाल द्वारा निर्मित पावरप्वाइंट प्रजेंटेशन द्वारा बच्चों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री जी की जीवनी दिखाई गई। वहीं प्रधानाचार्या नीरजा ने कहा कि यह दिन हमें दोनों महापुरुषों द्वारा बताए गए सत्य, अहिंसा, और न्याय की मार्ग की याद दिलाता है। मौके पर प्रतीक जैन, सकिंदर कुमार, अनिता कुमारी, अर्चना चंदन, पूजा झा, सदफ नाज, गुरजीत कौर, रश्मि सूद, सूरज, काशी कुमार महतो, मुकेश कुमार साव, देवाशीष, सोनी गुप्ता, ईशिका नंदी, मुकेश कुमार कुशवाहा, दिव्याली कुमारी, मनीषा, श्रुति, रानी, अनिल, विकास, रजनीश समेत अन्य लोग मौजूद थे।

